संख्या–cm-568
17/12/2025

# मुख्यमंत्री ने बिपार्ड, गयाजी में आयोजित मंथन– 2025 दो दिवसीय कार्यशाला का किया उद्घाटन

- मंथन– 2025 दो दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुए सभी प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारी

**पटना, 17 दिसम्बर 2025 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गयाजी स्थित बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) में आयोजित मंथन 2025 दो दिवसीय कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में बिहार के सभी प्रमंडलीय आयुक्तों एवं जिला पदाधिकारियों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों से कहा कि सरकार की योजनाओं को तेजी से और बेहतर ढंग से क्रियान्वित करें। पूरी संवेदनशीलता, लगन एवं ईमानदारी के साथ जन कल्याण के लिए काम करें। आप सभी से लोगों को काफी उम्मीदें रहती हैं। बिहार को देश के सर्वाधिक 5 विकसित राज्यों में शामिल करने के लिए सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं पर तेजी से काम कर उसे पूर्ण करें। आप सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री ने मंथन 2025 (दो दिवसीय कार्यशाला) में शामिल होनेवाले बिहार के सभी प्रमंडलीय आयुक्तों एवं जिला पदाधिकारियों के साथ सामूहिक तस्वीर खिंचवाई। मुख्यमंत्री ने बिपार्ड परिसर में अवस्थित संवाद वाटिका, योगा परिसर, बिपार्ड लॉन, नक्षत्र वन, पुनर्योजित ब्रह्म योनि सरोवर, हॉर्स राइडिंग ट्रैक, पुस्तकालय (बिक्रमशिला), मोटरवाहन प्रशिक्षण केंद्र, अंतरिक्ष गैलरी, बिपार्ड दीर्घा एवं उत्कृष्टता केन्द्र का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन के पश्चात् इन सभी केंद्रों का निरीक्षण कर सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा बिपार्ड परिसर का भी जायजा लिया।

कार्यक्रम में विधायक श्रीमती मनोरमा देवी, विधायक श्रीमती ज्योति देवी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव सह बिपार्ड के महानिदेशक डॉ0 बी0 राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ0 गोपाल सिंह, मगध प्रमंडल की आयुक्त डॉ0 सफीना ए0एन0, मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री क्षत्रनील सिंह, गया के जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर, गया के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कांतेश कुमार मिश्र, सभी प्रमंडलीय आयुक्त, सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने महाबोधि मंदिर में पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री को बोधगया मंदिर प्रबंधन द्वारा प्रतीक चिह्न भेंट किया गया।

******